संख्या-519/2022/3347/002-41-2022-266(बजट)/2021

प्रेषक,

संजीव कुमार श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग

लखनऊ:: दिनांक 08 अक्टूबर, 2022

विषय:- जनपद कुशीनगर के कतिपय स्थलों के पर्यटन विकास की परियोजनाओं हेतु अवशेष धनराशि की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक पर्यटन निदेशालय के पत्र सं0-3846/6-1-1/(1371)/2021-22, दिनांक 30.08.2022 एवं पत्र सं0-4384/6-1-1(1380)/2021-22, दिनांक 16.09.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर के कतिपय स्थलों के पर्यटन विकास की परियोजनाओं हेतु चयनित कार्यदायी संस्था उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0 द्वारा तैयार किये गये आगणनों के क्रम में शासनादेश सं0-09/2022/आई/129048/41-1002(001)/165/2021-266(बजट)/2021, दिनांक 04-01-2022 द्वारा प्रशासकीय एवं प्रथम किश्त के रूप में निर्गत की गयी धनराशि का विवरण निम्नवत् है:-

क्र0	**प्रयोजना का नाम**	**मूल्यांकित लागत (रू0 लाख में)**	**प्रशासकीय स्वीकृति (रू0 लाख में)**	**प्रथम किश्त के रूप में स्वीकृत की गई धनराशि (रू0 लाख में)**
1	**2**	**3**	**4**	**5**
1	जनपद कुशीनगर के तहसील-पड़रौना के ग्राम/शहर-खनवार बकलोही में स्थित दुर्गा मंदिर का पर्यटन विकास।	रू0 29.69 लाख	रू0 26.85 लाख + जी0एस0टी0	रू0 5.00 लाख
2	जनपद कुशीनगर के तहसील-कसया, वि0ख0-तमकुहीराज के ग्राम/शहर- छहूँ, पोस्ट-झनकौल में स्थित शिव स्थल का पर्यटन विकास।	रू0 26.92 लाख	रू0 24.35 लाख + जी0एस0टी0	रू0 5.00 लाख
3	जनपद कुशीनगर के तहसील-तमकुहीराज के ग्राम/शहर-पकड़ी गोसाई पोस्ट सेमरा हरदोपट्टी में स्थित दुर्गा मंदिर का पर्यटन विकास।	रू0 22.00 लाख	रू0 19.90 लाख + जी0एस0टी0	रू0 5.00 लाख
4	जनपद कुशीनगर के तहसील-कसया, वि0ख0-फाजिलनगर के ग्राम/शहर-बेइली बकूलहर, पोस्ट-नदवा में स्थित शिव मंदिर परिसर स्थल का पर्यटन विकास।	रू0 18.14 लाख	रू0 16.41 लाख + जी0एस0टी0	रू0 5.00 लाख
5	जनपद कुशीनगर के तहसील-तमकुहीराज के ग्राम/शहर-पकड़ी गोसाई पोस्ट सेमरा हरदोपट्टी में स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक मां पिजावॉ स्थल का पर्यटन विकास।	रू0 28.59 लाख	रू0 25.94 लाख + जी0एस0टी0	रू0 5.00 लाख

3- तदन्तर वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रश्नगत उक्त प्रायोजनाओं हेतु शासनादेश संख्या-256/2022/828/ 41/001-266-बजट-2021, दिनांक 20-04-2022 द्वारा निम्नवत् द्वितीय किश्त के रूप में वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी:-

क्र0	**प्रयोजना का नाम**	**द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत की गई धनराशि (रू0 लाख में)**
1	**2**	**5**
1	जनपद कुशीनगर के तहसील-पड़रौना के ग्राम/शहर-खनवार बकलोही में स्थित दुर्गा मंदिर का पर्यटन विकास।	रू0 10.00 लाख
2	जनपद कुशीनगर के तहसील-कसया, वि0ख0-तमकुहीराज के ग्राम/शहर- छहूँ, पोस्ट-झनकौल में स्थित शिव स्थल का	रू0 10.00 लाख

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	पर्यटन विकास।	
3	जनपद कुशीनगर के तहसील-तमकुहीराज के ग्राम/शहर-पकड़ी गोसाई पोस्ट सेमरा हरदोपट्टी में स्थित दुर्गा मंदिर का पर्यटन विकास।	रू0 10.00 लाख
4	जनपद कुशीनगर के तहसील-कसया, वि0ख0-फाजिलनगर के ग्राम/शहर-बेइली बकूलहर, पोस्ट-नदवा में स्थित शिव मंदिर परिसर स्थल का पर्यटन विकास।	रू0 10.00 लाख
5	जनपद कुशीनगर के तहसील-तमकुहीराज के ग्राम/शहर-पकड़ी गोसाई पोस्ट सेमरा हरदोपट्टी में स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक मां पिजावॉ स्थल का पर्यटन विकास।	रू0 10.00 लाख

4- तद्क्रम में महानिदेशक पर्यटन के पत्र दिनांक 30.08.2022 एवं 16.06.2022 द्वारा प्रश्नगत प्रायोजनाओं हेतु अवमुक्त की गयी धनराशि का उपभोग करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा अन्य अभिलेख उपलब्ध कराते हुए अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

5- उक्त के दृष्टिगत मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त प्रायोजनाओं हेतु अवशेष धनराशि के रूप में निम्नांकित विवरणानुसार कालम-8 में अंकित कुल धनराशि रू0 36.87 लाख की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबंधों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं

क्र0	प्रायोजना का नाम	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति (रू0 लाख में)	टेण्डर लागत रू0 लाख में)	अनुबन्ध की लागत (रू0 लाख में)	अनुबन्ध लागत के आधार पर वास्तविक लागत (रू0 लाख में)	अभी तक अवमुक्त की गयी धनराशि (रू0 लाख में)	अवशेष धनराशि अवमुक्त करने का प्रस्ताव (रू0 लाख में)
1.	**2.**	**3.**	**4.**	**5.**	**6.**	**7.**	**8.**
1.	जनपद कुशीनगर के तहसील-कसया, वि0ख0-तमकुहीराज के ग्राम/शहर- छहूँ, पोस्ट-झनकौल में स्थित शिव स्थल का पर्यटन विकास।	24.35 लाख + जी0एस0टी0	20.76	20.74	24.03	15.00	9.03
2.	जनपद कुशीनगर के तहसील-पड़रौना के ग्राम/शहर-खनवार बकलोही में स्थित दुर्गा मंदिर का पर्यटन विकास।	26.85 लाख + जी0एस0टी0	22.89	22.84	26.47	15.00	11.47
3.	जनपद कुशीनगर के तहसील-कसया, वि0ख0-फाजिलनगर के ग्राम/शहर-बेइली बकूलहर, पोस्ट-नदवा में स्थित शिव मंदिर परिसर स्थल का पर्यटन विकास।	16.41 लाख + जी0एस0टी0	13.99	13.98	16.20	15.00	1.20
4.	जनपद कुशीनगर के तहसील-तमकुहीराज के ग्राम/शहर-पकड़ी गोसाई पोस्ट सेमरा हरदोपट्टी में स्थित दुर्गा मंदिर का पर्यटन विकास।	19.90 लाख + जी0एस0टी0	16.96	16.95	19.64	15.00	4.64
5.	जनपद कुशीनगर के तहसील-तमकुहीराज के ग्राम/शहर-पकड़ी गोसाई पोस्ट सेमरा हरदोपट्टी में स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक मां पिजावॉ स्थल का पर्यटन विकास।	25.94 लाख + जी0एस0टी0	22.04	22.03	25.53	15.00	10.53
						कुल धनराशि	36.87 लाख

(1) प्रश्नगत परियोजना हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशी कार्यदायी संस्था को उपलब्ध कराने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि प्रश्नगत परियोजना हेतु शासनादेश सं0 09/2022/आई/129048/41-1002(001)/165/2021-266(बजट)/2021 दिनांक-04.01.2022 एवं संख्या-256/2022/828/ 41-2022/001-266-बजट-2021, दिनांक 20-04-22 में अंकित शर्तों व प्रतिबन्धों का अनुपालन पूर्णतया करा लिया गया है।

(2) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2020/बी-1-375/दस-2021-231/2021 दिनांक 22 मार्च, 2021 एवं वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 13 / 2022/ बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक- 07-जून 2022 में निहित शर्तों एवं प्राविधानों के अन्तर्गत ही सुनिश्चित किया जायेगा तथा स्वीकृति धनराशि जिस कार्य/मद हेतु प्रदान की जा रही है उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्यमद हेतु किया जायेगा, अर्थात स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नही किया जायेगा। उक्त कार्यों को अनुमोदित लागत की सीमान्तर्गत ही कराया जायेगा तथा कार्यदायी

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संस्था को अनुमोदित लागत के अतिरिक्त कोई अन्य धनराशि/चार्जेज नही दिया जायेगा। कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था से कार्य के सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर लिये जायेगे।

(3) प्रायोजना के निर्माण कार्य में वस्तु एवं सेवाकर (जी0एस0टी0) की धनराशि कार्यदायी संस्था को वास्तविक भुगतान के अनुसार नियमानुसार अनुमन्य होगी तथा इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था द्वारा जी0एस0टी0 भुगतान के सम्बन्ध में तिथिवार विवरण एवं प्रामाणिक प्रपत्र –जी0एस0टी0 इन्वायस सक्षम स्तर से महानिदेशक पर्यटन के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त लेबरसेस के रूप में प्रदान की गयी धनराशि श्रम विभाग को भुगतान किये जाने का प्रमाण पत्र कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ उपलब्ध कराया जायेगा ।

(4) यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर कार्यदायी संस्था द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का पर्यवेक्षण (मानीटरिंग) महानिदेशक, पर्यटन द्वारा सुनिश्चित कराया जाय। स्वीकृत धनराशि कोषागार से आहरित कर आहरण के बाउचर संख्या एवं तिथि की सूचना शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार तथा वित्त विभाग के संगत नियमों के अनुसार किया जायेगा। वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 22 मार्च 2021 के प्रस्तर-2(9) में दी गयी व्यवस्थानुसार प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि के सापेक्ष आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा दो-दो माह की आवश्यकता के लिए आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जायेगी तथा कार्यदायी संस्था द्वारा प्राप्त धनराशि का 75 प्रतिशत उपयोग करने के उपरान्त अगले दो माह के लिए पुन: आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित कर दी जायेगी। इसका अनुपालन महानिदेशक**,** पर्यटन द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा।

(6) प्रश्नगत परियोजना में होने वाले निर्माण कार्य के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि निर्माण कार्य आगणन के अनुरूप उसके तकनीकी अनुमोदन के अनुसार किया गया है तथा परियोजना को कार्यदायी संस्था से हस्तगत कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करा लिया जायेगा एवं निर्मित परिसम्पत्ति का समुचित रख-रखाव सुनिश्चित किया जायेगा एवं इसकी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट ई-परियोजनाओं की समीक्षा के पोर्टल पर अंकित कराते हुए शासन को अवगत कराया जायेगा।

(7) परियोजना में टाइम ओवर-रन/कास्ट ओवर-रन को नियन्त्रित करने के सम्बन्ध में वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-07/2017/बी-1-823/दस-2017-एम-04/2017 दिनांक 21 जून, 2017 में दिये गये निर्देशों तथा बजट मैनुअल के प्रस्तर-212 (**VII**) में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(8) परियोजना में निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी। स्वीकृत की जा रही धनराशि के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम स्तर से शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। सोशल आडिट से सम्बन्धित व्यवस्था/नियमों का भी पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। परियोजना में निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी।

(9) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि इस योजना की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो और इसके रख-रखाव हेतु राज्य सरकार के ऊपर व्यय-भार न पड़े। कार्यदायी संस्था से कार्य की समाप्ति के पश्चात सम्प्रेक्षित लेखे अनिवार्य रूप से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जाय।

(10) अवमुक्त की जा रही धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार तथा नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को बैंक खाते आदि में नही रखा जायेगा। कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर यदि ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे अनिवार्य रूप से राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जाय। यह भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि आगणन में बाट आउट एवं प्रोप्राइटरी श्रेणी के कार्यों पर सेन्टेज का भुगतान अनुमन्य न किया जाय। इसका अनुपालन पर्यटन निदेशालय एवं कार्यदायी संस्था द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) प्रायोजना में अवशेष धनराशि की वित्तीय स्वीकृति कार्यदायी संस्था एवं पर्यटन निदेशालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना/विवरण के आधार पर प्रदान की जा रही है। **यदि भविष्य में परियोजना के मानक/गुणवत्ता में कमी पायी जाती है अथवा**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

सूचना गलत पायी जाती है, **तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था**, **क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी तथा निदेशालय के सम्बन्धित अधिकारी की होगी।** प्रश्नगत परियोजना हेतु अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष वास्तविक रूप से व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्य की गुणवत्ता एवं फोटोग्राफ्स आदि सक्षम स्तर से प्राप्त कर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(12) महानिदेशक पर्यटन द्वारा कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्यदायी संस्था से सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त किये जायेंगे।

6- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 36,87,000 **(** रुपये छत्तीस लाख सत्तासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 044 लेखा शीर्षक 5452801040800 मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

7- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 13 / 2022/ बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक- 07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधनित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. जिलाधिकारी**,** कुशीनगर।
4. मुख्य कोषाधिकारी जवाहर भवन**,** लखनऊ ।
5. प्रबन्ध निदेशक, उ0 प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0, लखनऊ।
6. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
7. उप निदेशक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
8. क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।
9. परियोजना प्रबंधक, उ0 प्र0 प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0, यूनिट-29, गोरखपुर।
10. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
11. गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।